रजिस्ट्री सं. डॉ. एल.—33002/98
REGISTERED No. D.L.—33002/98

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

# दिल्ली राजपत्र

सत्यमेव जयते

# Delhi Gazette

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3] दिल्ली, बृहस्पतिवार, जनवरी 21, 1999/माघ 1, 1920 [रा०रा०रा०क्षे० 10
No. 3] DELHI, THURSDAY, JANUARY 21, 1999/MAGHA 1, 1920 [N.C.T.D. 10

## भाग IV
## PART IV

भाग—I में सम्मिलित अधिसूचनाओं को छोड़कर दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र, दिल्ली सरकार के विभागों की अधिसूचनाएं

Notification of the Department of National Capital Territory Administration other than Notifications included in Part—I

## राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र, दिल्ली सरकार
## GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

### दिल्ली अभिलेखागार विभाग

अधिसूचनाएं

दिल्ली, 13 जनवरी, 1999

सं. फा. 9/25/97अभि.—निम्नलिखित को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है:—

लोक अभिलेख अधिनियम, 1993

(1993 का अधिनियम संख्यांक 69)

[21 दिसम्बर, 1993]

केन्द्रीय सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, केन्द्रीय सरकार या किसी संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा गठित पब्लिक सेक्टर उपक्रमों, कानूनी निकायों और निगमों, आयोगों और समितियों के लोक अभिलेखों के प्रबंध, प्रशासन और परिरक्षण का तथा उनसे संबंधित या उनके आनुषंगिक विषयों का विनियमन करने के लिए अधिनियम।

भारत गणराज्य के चवालीसवें वर्ष में संसद द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ —(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 है।

(2) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे।

2. परिभाषाएं—इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "बोर्ड" से धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन गठित अभिलेखागार सलाहकार बोर्ड अभिप्रेत है;

(ख) "महानिदेशक" से केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त अभिलेखाकार महानिदेशक अभिप्रेत है और उसके अन्तर्गत महानिदेशक के कर्तव्यों का पालन करने के लिए उस सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी है;

(ग) "अभिलेखागार प्रधान" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अभिलेखागार का भारसाधक है;

(घ) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों विहित अभिप्रेत हैं;

(ङ) "लोक अभिलेख" के अन्तर्गत किसी अभिलेख सर्जक अभिकरण के, --

(i) कोई दस्तावेज पांडुलिपि और फाइल ;

(ii) किसी दस्तावेज की कोई माईक्रो फिल्म, माइक्रोफिश और प्रतिकृति प्रति ;

(iii) ऐसी माईक्रो फिल्मों में सन्निविष्ट प्रतिबिम्ब या प्रतिबिम्बों का कोई प्रत्युत्पादन (चाहे विवर्धित हो या नहीं; और

(iv) किसी कम्प्यूटर द्वारा या किसी अन्य युक्ति द्वारा उत्पादित कोई अन्य सामग्री ;

(च) "अभिलेख सर्जक अभिकरण" के अन्तर्गत है, ---

(i) केन्द्रीय सरकार के संबंध में उस सरकार का कोई मंत्रालय, विभाग या कार्यालय;

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा पूर्णत : या पर्याप्तः नियंत्रि त या वित्त पोषित कोई कानूनी निकाय या निगम, अथवा उस सरकार द्वारा गठित आयोग या किसी समिति के संबंध में, उक्त निकाय, निगम, आयोग या समिति के कार्यालय ;

(iii) किसी संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के संबंध में, उस प्रशासन का कोई विभाग या कार्यालय ;

(iv) संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पूर्णतः या पर्याप्ततः नियंत्रित या वित्त पोषित किसी कानूनी निकाय या निगम अथवा उस प्रशासन द्वारा गठित आयोग या समिति के संबंध में, उक्त निकाय, निगम, आयोग या समिति के कार्यालय ;

(छ) "अभिलेख अधिकारी" से धारा 5 की उपधारा (1) के अधीन अभिलेख सर्जक अभिकरण द्वारा नामनिर्देशित अधिकारी अभिप्रेत है।

3. लोक अभिलेखों के प्रशासन प्रबंध आदि से संबंधित संक्रियाओं का समन्वय, विनियमन और पर्यवेक्षण करने की केन्द्रीय सरकार की शक्ति---(1) केन्द्रीय सरकार को इस अधिनियम के अधीन लोक अभिलेखों प्रशासन, प्रबंध, परिरक्षण, चयन, व्ययन और निर्वृत्ति से संबंधित संक्रियाओं का समन्वय, विनियमन और पर्यवेक्षण करने की करने शक्ति होगी।

(2) केन्द्रीय सरकार, धारा 2 के खंड (च) के उपखंड (i) और उपखंड (ii) में विनिर्दिष्ट अभिलेख सर्जक अभिकरणों के लोक अभिलेखों के संबंध में और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन उक्त खंड के उपखंड (iii) और उपखंड (iv) में विनिर्दिष्ट अभिलेख सर्जक अभिकरणों के लोक अभिलेखों के संबंध में, आदेश द्वारा तथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाएं, निम्नलिखित सभी या किन्हीं कृत्यों को करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा, अर्थात : --

(क) अभिलेखागार का पर्यवेक्षण, प्रबंध और नियंत्रण करना ;

(ख) ऐसी अवधि के पश्चात जो विहित की जाए, स्थायी प्रकृति के लोक अभिलेखों को निक्षिप्त करने के लिए स्वीकार करना ;

(ग) लोक अभिलेखों की अभिरक्षा, उनका उपयोग और वापस लिया जाना ;

(घ) लोक अभिलेखों की व्यवस्था, परिरक्षण, और प्रदर्शन करना;

(ङ) लोक अभिलेखों की तालिकाएं, अनुक्रमणिकाएं, सूची और अन्य संदर्भ-माध्यम तैयार करना ;

(च) अभिलेख प्रबंध पद्धति के सुधार के लिए स्तरमानों, प्रक्रियाओं और तकनीकी का विश्लेषण, विकास, संवर्धन और समन्वय करना ;

(छ) अभिलेखाकार और अभिलेख सर्जक अभिकरण के कार्यालयों में लोक अभिलेखों का अनुरक्षण, व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करना ;

(ज) लोक अभिलेखों के परिरक्षण के लिए उपलब्ध स्थान के उपयोग का संवर्धन करना उपस्करों का अनुरक्षण करना;

(झ) अभिलेखों के संकलन, वर्गीकरण और व्ययन की बाबत और अभिलेख प्रबंध के स्तरमानों, प्रक्रियाओं और तकनीकी के उपयोजन के संबंध में अभिलेख सर्जक अभिकरणों को सलाह देना ;

(ञ) लोक अभिलेखों का सर्वेक्षण और निरीक्षण करना;

(ट) अभिलेखागार प्रशासन और अभिलेख प्रबंध की विभिन्न शाखाओं में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना ;

(ठ) किसी प्राइवेट स्रोत से अभिलेख स्वीकार करना;

(ड) लोक अभिलेखों तक पहुंच विनियमित करना ;

(ढ) निष्क्रिय निकायों से अभिलेख प्राप्त करना और राष्ट्रीय आपात की दशा में लोक अभिलेख प्राप्त करने की व्यवस्था करना ;

(ण) अभिलेख अधिकारी से अभिलेख प्रबंध और व्ययन पद्धति के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त करना ;

(त) लोक अभिलेखों की अधिप्रमाणित प्रतियां या या उनसे उद्धरण उपलब्ध कराना ;

(थ) लोक अभिलेखों को नष्ट करना या उनका व्ययन कराना ;

(द) ऐतिहासिक या राष्ट्रीय महत्व के किसी दस्तावेज को पट्टे पर प्राप्त करना अथवा उसे क्रय करना या दान के रूप में स्वीकार करना ;

4. लोक अभिलेखों को भारत के बाहर ले जाने का प्रतिषेध.––कोई भी व्यक्ति केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना कोई लोक अभिलेख न तो भारत के बाहर ले जाएगा और न ले जाने देगा ;

परन्तु यदि कोई लोक अभिलेख किसी शासकीय प्रयोजन के लिए भारत के बाहर ले जाते हैं या भेजे जाते हैं तो ऐसा पूर्व अनुमोदन अपेक्षित नहीं होगा ।

5. अभिलेख अधिकारी.––(1) प्रत्येक अभिलेख सर्जक अभिकरण इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का निर्वहन करने के लिए अपने किसी अधिकारी को अभिलेख अधिकारी के रूप में नाम-निर्देशित करेगा ।

(2) प्रत्येक अभिलेख सर्जक अभिकरण ऐसी संस्था में और ऐसे स्थानों में, जो वह उचित समझे, अभिलेख कक्षों की स्थापना कर सकेगा और प्रत्येक अभिलेख कक्ष को किसी अभिलेख अधिकारी के भारसाधन में रखेगा ।

6. अभिलेख अधिकारी के उत्तरदायित्व.––(1) अभिलेख अधिकारी निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा, अर्थात् :––

(क) अपने भारसाधन में के लोक अभिलेख की उचित व्यवस्था, अनुरक्षण और परिरक्षण करना ;

(ख) सभी लोक अभिलेखों का कालिक पुनर्विलोकन करना और अल्पकालिक महत्व के लोक अभिलेखों की छंटाई करना ;

(ग) स्थायी महत्व के लोक अभिलेखों को प्रतिधारित करने की दृष्टि से पच्चीस वर्ष से अधिक पुराने लोक अभिलेखों का, यथास्थिति भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्यक्षेत्र के अभिलेखागार से परामर्श करके अंकन करना ;

(घ) लोक अभिलेखों को ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए नष्ट करना जो धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन विहित की जाएं ;

(ङ) लोक अभिलेखों के लिए, यथास्थिति भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागार से परामर्श करके, प्रतिधारण अनुसूची का संकलन करना;

(च) वर्गीकृत लोक अभिलेखों की श्रेणी कम करने के लिये उनका ऐसी रीति से कालिक पुनर्विलोकन करना जो विहित की जाए ;

(छ) अभिलेख प्रबन्ध पद्धति में सुधार के लिए, और लोक अभिलेखों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसे स्तरमानों, प्रक्रियाओं और तकनीकों को अपनाना, जिनकी भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा समय-समय पर सिफारिश की जाए;

(ज) लोक अभिलेखों की वार्षिक अनुक्रमणिकाओं का संकलन करना ;

(झ) संगठनात्मक इतिवृत और वार्षिक अनुपूरक का का संकलन करना ;

(ञ) लोक अभिलेख प्रबन्ध के लिए, यथास्थिति भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्यक्षेत्र के अभिलेखागार को सहायता प्रदान करना ;

(ट) यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को वार्षिक रिपोर्ट ऐसी रीति से प्रस्तुत करना, जो विहित की जाए ;

(ठ) किसी निष्क्रिय निकाय के अभिलेखों का, यथास्थिति भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागार को परिरक्षण के लिए अन्तरण करना ।

(2) अभिलेख अधिकारी उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते समय यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान के निदेशानुसार कार्य करेगा ।

7. अपनी अभिरक्षा में के लोक अभिलेखों के अनधिकृत हटाए जाने, नष्ट किए जाने आदि की दशा में अभिलेख अधिकारी द्वारा समुचित कार्रवाई का किया जाना :––(1) अभिलेख अधिकारी, अपने भारसाधन में के किन्हीं लोक अभिलेखों के अनधिकृत हटाए जाने, नष्ट किए जाने, विरूपित किए जाने या परिवर्तित किए जाने की दशा में, ऐसे लोक अभिलेखों को बरामद करने या पुनः प्राप्त करने के लिए तुरन्त समुचित कारवाई करेगा ।

(2) अभिलेख अधिकारी, अपने भारसाधन में के लोक अभिलेखों के अनधिकृत हटाए जाने, नष्ट किए जाने, विरूपित किए जाने या परिवर्तित किए जाने के बारे में तथा अपने द्वारा प्रारम्भ की गई किसी कार्रवाई के बारे में किसी जानकारी के संबंध में लिखित रिपोर्ट, यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को बिना किसी विलम्ब के प्रस्तुत करेगा, और, यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान द्वारा दिए गए निदेशों के अधीन रहते हुए, यदि कोई हों, ऐसी कार्रवाई करेगा, जो वह आवश्यक समझे ।

(3) अभिलेख अधिकारी, लोक अभिलेखों को बरामद करने या पुनः प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए किसी सरकारी अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति की सहायता प्राप्त कर सकेगा और ऐसा अधिकारी या व्यक्ति ऐसे अभिलेख अधिकारी को सभी सहायता प्रदान करेगा ।

8. लोक, अभिलेखों का नष्ट किया जाना या व्ययन किया जाना.––(1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में जैसा अन्यथा उपबंधित है उसके सिवाय, किसी लोक अभिलेख को ऐसी रीति से ही और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो विहित की जाएं, नष्ट किया जाएगा, या उसका अन्यथा व्ययन किया जाएगा ।

(2) वर्ष 1892 के पूर्व सृजित किसी भी अभिलेख को तब के सिवाय नष्ट नहीं किया जाएगा जब, यथास्थिति, महानिदेशक, या अभिलेखागार प्रधान की राय में वह इस प्रकार विरूपित हो गया है या ऐसी दशा में है कि उसे किसी अभिलेखागार संबंधी उपयोग में नहीं लाया जा सकता ।

9. उल्लंघनों के लिए .––जो कोई धारा 4 या धारा 8 के किन्हीं उपबंधों का उल्लघंन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो दस हजार रुपए तक का हो सकेगा या दोनों से दंडनीय होगा।

10. सुरक्षा वर्गीकरण वाले लोक अभिलेख :––सुरक्षा वर्गीकरण वाले किसी लोक अभिलेख का भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागार को अन्तरण नहीं किया जाएगा।

11. प्राइवेट स्रोतों से अभिलेखों की प्राप्ति .––भारत का राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र का अभिलेखागार ऐतिहासिक या राष्ट्रीय महत्व के किसी अभिलेख को किसी प्राइवेट स्रोत से दान के रूप, क्रय द्वारा या अन्यथा स्वीकार कर सकेगा।

(2) यथास्थिति भारत, का राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र का अभिलेखागार, उपधारा (1) में निर्दिष्ट कोई लोक अभिलेख, ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो विहित की जाएं, सद्भावी अनुसंधानविद् को उपलब्ध करा सकेगा।

12. लोक अभिलेखों तक पहुंच .––(1) ऐसी सभी अवर्गीकृत लोक अभिलेख, जो तीस वर्ष से अधिक पुराने हैं और जिनका भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या किसी संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागार को अन्तरण कर दिया गया है, ऐसे अपवादों और निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जो विहित किए जाएं, सद्भावी अनुसंधानविद् को उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :––इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए, तीस वर्ष की अवधि की गणना, लोक अभिलेख प्रारम्भ करने के वर्ष से की जाएगी।

(2) कोई भी अभिलेख सर्जक अभिकरण, अपनी अभिरक्षा में के किसी लोक अभिलेख तक किसी व्यक्ति की ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, पहुंच होने देगा, जो विहित की जाएं।

13. अभिलेखागार सलाहकार बोर्ड .––(1) केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, अभिलेखागार सलाहकार बोर्ड का गठन कर सकेगी।

(2) बोर्ड निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगा, अर्थात् :––

(क) केन्द्रीय सरकार के संस्कृति कार्य से संबंधित मंत्रालय में भारत सरकार का सचिव––पदेन-अध्यक्ष;

(ख) मंत्रिमंडल सचिवालय, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में से प्रत्येक का एक-एक अधिकारी, जो भारत सरकार के संयुक्त सचिव की पंक्ति से नीचे का न हो,––पदेन-सदस्य

(ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्देशित किए जाने वाले दो प्रतिनिधि जो संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों में संयुक्त सचिव की पंक्ति से नीचे के न हों––सदस्य

(घ) केन्द्रीय सरकार द्वारा तीन वर्ष से अनधिक अवधि के लिए नामनिर्देशित किए जाने वाले तीन व्यक्ति जिनमें एक अभिलेखाध्यक्ष हों और जिनमें से दो किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय के इतिहास के स्नातकोत्तर विभाग के आचार्य हों ––सदस्य

(ङ) महानिदेशक ––पदेन––सदस्य सचिव

(3) उपधारा (2) के खंड (घ) के अधीन नामनिर्देशित सदस्यों को ऐसे भत्तों का संदाय किया जाएगा, जो विहित किए जाएं।

14. बोर्ड के कृत्य :––बोर्ड निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगा, अर्थात् :––

(क) लोक अभिलेखों के प्रशासन, प्रबंध, परिरक्षण और उपयोग से संबंधित मामलों पर केन्द्रीय सरकार संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को सलाह देना ;

(ख) अभिलेखाध्यक्षों के प्रशिक्षण से संबंधित मार्गदर्शक सिद्धात अभिकथित करना ;

(ग) प्राइवेट अभिरक्षा से अभिलेखों के अर्जन के लिए निदेश देना ;

(घ) ऐसे अन्य विषयों के संबंध में कार्रवाई करना, जो विहित किए जाएं।

15. अभिलेखागार संबंधी विज्ञान की पाठ्ययोजना के लिए मानक और स्तरमान अधिकथित करने की महानिदेशक की शक्ति.––महानिदेशक को अभिलेखागार संबंधी विज्ञान और अन्य आनुषंगिक विषयों में प्रशिक्षण से संबंधित पाठ योजना, पाठ्यचर्या, निर्धारण और परीक्षाओं के लिए मानक और स्तरमान अभिकथित करने की शक्ति होगी।

16. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण––इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसरण में सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाहियां किसी व्यक्ति के विरुद्ध नहीं होंगी।

17. नियम बनाने की शक्ति––(1) केन्द्रीय सरकार, इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए नियम, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बना सकेगी।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किन्ही विषयों के लिए उपबन्ध किया जा सकेगा, अर्थात् :––

(क) वह अवधि जिसके पश्चात् स्थायी प्रकृति के लिए अभिलेखों को धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (च) के अधीन स्वीकार किया जा सकेगा ;

(ख) वह रीति जिससे और वे शर्तों जिनके रहते हुए, लोक अभिलेखों की धारा 6 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन नष्ट किया जा सकता है ;

(ग) वह रीति जिससे श्रेणी कम करने के लिए वर्गीकृत लोक अभिलेखों का कालिक पुनर्विलोकन धारा 6 की उपधारा (1) के खंड (च) के अधीन किया जाएगा ;

(घ) वह रीति जिससे अभिलेख अधिकारी धारा 6 की उपधारा (1) के खंड (ट) के अधीन महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को रिपोर्ट देगा ;

(ङ) वह रीति जिससे और वे शर्तों जिनके अधीन रहते हुए, लोक अभिलेखों की धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन नष्ट किया जा सकेगा या उनका व्ययन किया जा सकेगा ;

(च) वह रीति जिससे और वे शर्तों जिनके अधीन रहते हुए, ऐतिहासिक या राष्ट्रीय महत्व के अभिलेख धारा 11 की उपधारा (2) के अधीन अनुसंधानविदों को उपलब्ध कराए जा सकेंगे ;

(छ) वे अपवाद और निबंधन जिनके अधीन रहते लोक अभिलेख हुए धारा 12 की उपधारा (1) के अधीन किसी अनुसंधान हुए विद को उपलब्ध कराए जा सकेंगे ;

(ज) वह रीति जिससे वे शर्तों जिनके अधीन रहते हुए कोई अभिलेख सर्जक अधिकरण, अपनी अभिरक्षा में के किसी लोक अभिलेख तक, धारा 12 की उपधारा (2) के अधीन रहते हुए किसी व्यक्ति की पहुंच होने देगा ;

(झ) धारा 13 की उपधारा (3) के अधीन बोर्ड के सदस्यों को संदेय भत्ते ;

(ण) वे विषय जिनकी बाबत बोर्ड धारा 14 के खंड (घ) के अधीन अपने कृत्यों का पालन कर सकेगा ;

(ट) कोई अन्य विषय जो विहित किया जाना अपेक्षित है या विहित किया जाए ।

18. संसद् के समक्ष नियमों का रखा जाना —इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र संसद् के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा। यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी । यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस नियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाए तो तत्पश्चात् वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा । यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जाए कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह निष्प्रभाव हो जाएगा । किन्तु नियम के ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

के. एल. मोहनपुरिया, सचिव भारत सरकार

## DEPARTMENT OF DELHI ARCHIVES

## NOTIFICATIONS

New Delhi, the 13th January, 1999
Pausa 1, 1915 (Saka)

No. F. 9(25)|97-Archives.—The following is published for general information :—

## MINISTRY OF LAW JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Legislative Department)

New Delhi, the 22nd December, 1993

The following Act of Parliament received the assent of the President on the 21st December, 1993, and is hereby published for general information :—

## THE PUBLIC RECORDS ACT, 1993

No. 69 of 1993

[22nd December, 1993.]

An Act to regulate the management, administration and preservation of public records of the Central Government, Union territory Administrations, public sector undertakings, statutory bodies and corporations, commissions and committees constituted by the Central Government or a Union Territory Administration and matters connected therewith or incidental thereto.

Be it enacted by Parliament in the Forty-fourth Year of the Republic of India as follows :—

1. Short title and commencement.—(1) This Act may be called the Public Records Act, 1993.

(2) It shall come into force on such date as the Central Government may, by notification in the Official Gazette, appoint.

2. Definitions.—In this Act, unless the context otherwise requires,—

(a) "Board" means the Archival Advisory Board constituted under sub-section (1) of section 13;

(b) "Director General" means the Director General of Archives appointed by the Central Government and includes any officer authorised by that Government to perform the duties of the Director General;

(c) "head of the Archives" means a person holding the charge of the Archives of the Union Territory Administration;

(d) "prescribed" means prescribed by rules made under this Act;

(e) "public records" includes—

(i) any document, manuscript and file;

(ii) any microfilm, microfiche and facsimile copy of a document;

(iii) any reproduction of image or images embodied in such microfilm (whether enlarged or not); and

(iv) any other material produced by a computer or by any other device,

of any records creating agency;

(f) records creating agency includes,—

(i) in relation to the Central Government, any ministry, department or office of that Government;

(ii) in relation to any statutory body or corporation wholly or substantially controlled or financed by the Central Government or commission or any committee constituted by that Government, the offices of the said body, corporation, commission or committee;

(iii) in relation to a Union Territory Administration, any department or office of that Administration;

(iv) in relation to any statutory body or corporation wholly or substantially controlled or financed by Union territory Administration or commission or any committee constituted by that Administration, the offices of the said body, corporation, commission or committee;

(g) "records officer" means the officer nominated by the records creating agency under sub-section (1) of section 5.—

3. Power of the Central Government to coordinate, regulate and supervise operations connected with administration, management, etc., of public records.—(1) The Central Government shall have the power to coordinate, regulate and supervise the operations connected with the administration, management, preservation, selection, disposal and retirement of public records under this Act.

(2) The Central Government in relation to the public records of the records creating agencies specified in sub-clauses (i) and (ii) of clause (f) of section 2 and the Union Territory Administration in relation to the public records of the records creating agencies specified in sub-clauses (iii) and (iv) of the said clause, may, by order, authorise the Director General or the head of the Archives, as the case may be, subject to such conditions as may be specified in the order, to carry out all or, any of the following functions, namely :—

(a) supervision, management and control of the Archives;

(b) acceptance for deposit of public records of permanent nature after such period as may be prescribed;

(c) custody, use and withdrawal of public records;

(d) arrangement, preservation and exhibition of public records;

(e) preparation of inventories, indices, catalogues and other reference media of public records;

(f) analysing, developing, promoting and coordinating the standards, procedures and the techniques for improvement of the records management system;

(g) ensuring the maintenance, arrangement and security of public records in the Archives and in the offices of the records creating agency;

(h) promoting utilisation of available space and maintenance of equipments for preserving public records;

(i) tendering advice to records creating agencies on the compilation, classification and disposal of records and application of standards, procedures and techniques of records management;

(j) survey and inspection of public records;

(k) organising training programmes in various disciplines of Archives administration and records management;

(l) accepting records from any private source;

(m) regulating access to public records;

(n) receiving records from defunct bodies and making arrangement for securing public records in the event of national emergency;

(o) receiving reports on records management and disposal practices from the records officer;

(p) providing authenticated copies of, or extracts from, public records;

(q) destroying or disposal of public records;

(r) obtaining on lease or purchasing or accepting as gift any document of historical or national importance.

4. Prohibition against taking of public records out of India.—No person shall take or cause to be taken out of India any public records without the prior approval of the Central Government :

Provided that no such prior approval shall be required if any public records are taken or sent out of India for any official purpose.

5. Records officer.—(1) Every records creating agency shall nominate one of its officers as records officer to discharge the functions under this Act.

(2) Every records creating agency may set up such number of record rooms in such places as it deems fit and shall place each record room under the charge of a records officer.

6. Responsibilities of records officer.—(1) The records officer shall be responsible for—

(a) proper arrangement, maintenance and preservation of public records under his charge;

(b) periodical review of all public records and weeding out public records of euphemeral value;

(c) appraisal of public, records which are more than twenty-five years old in consultation with the National Archives of India or, as the case may be, the Archives of the Union territory, with a view to retaining public records of permanent value;

(d) destruction of public records in such manner and subject to such conditions as may be prescribed under sub-section (1) of section 8;

(e) compilation of a schedule of retention for public records in consultation with the National Archives of India or, as the case may be, the Archives of the Union territory;

(f) periodical review for downgrading of classified public records in such manner as may be prescribed;

(g) adoption of such standards, procedures and techniques as may be recommended from time to time by the National Archives of India for improvement of record management system and maintenance of security of public records;

(h) compilation of annual indices of public records;

(i) compilation of organisational history and annual supplement thereto;

(j) assisting the National Archives of India or, as the case may be, the Archives of the Union territory for public records management;

(k) submission of annual report to the Director General or, as the case may be, head of the Archives in such manner as may be prescribed;

(l) transferring of records of any defunct body to the National Archives of India or the Archives of the Union territory, as the case may be, for preservation.

(2) The records officer shall act under the direction of the Director General or, as the case may be, head of the Archives while discharging the responsibilities specified in sub-section (1).

7. Records officer to take appropriate action in the event of unauthorised removal, destruction, etc., of public records in his custody.—(1) The records officer shall, in the event of any unauthorised removal, destruction, defacement or alteration of any public records under his charge, forthwith take appropriate action for the recovery or restoration of such public records.

(2) The records officer shall submit a report in writing to the Director General or, as the case may be, the head of the Archeieves without any delay on any information about any unauthorised removal, destruction, defacement or alteration of any public records under his charge and about the action initiated by him and shall take action as he may deem necessary subject to the directions, if any given by the Director General or, as the case may be, head of the Archives.

(3) The records officer may seek assistance from any government officer or any other person for the purpose of recovery or restoration of public records and such officer or person shall render all assistance to the records officer.

8. Destruction or disposal of public records.—(1) Save as otherwise provided in any law for the time being in force, no public record shall be destroyed or otherwise disposed of except in such manner and subject to such conditions as may be prescribed.

(2) No record created before the year 1892 shall be destroyed except where in the opinion of the Director General or, as the case may be, the head of the Archives, it is so defaced or is in such condition that it cannot be put to any archival use.

9. Penalty for contraventions.—Whoever contravenes any of the provisions of section 4 or section 8 shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to five years or with fine which may extend to ten thousand rupees or with both.

10. Public records bearing security classification.—No public records bearing security classification shall be transferred to the National Archives of India or the Archives of the Union territory.

11. Receipt of records from private sources.—(1) The National Archives of India or the Archives of the Union territory may accept any record of historical or national importance from any private source by way of gift, purchase or otherwise.

(2) The National Archives of India or, as the case may be, the Archives of any Union territory may, in such manner and subject to such conditions as may be prescribed, make any record referred to in sub-section (1) available to any bona fide research scholar.

12. Access to public records.—(1) All unclassified public records as are more than thirty years old and are transferred to the National Archives of India or the Archives of the Union territory may be, subject to such exceptions and restrictions as may be prescribed made available to any bona fide research scholar.

Explanation.—For the purposes of this sub-section, the period of thirty years shall be reckoned from the year of the opening of the public record.

(2) Any records creating agency may grant to any person access to any public record in its custody in such manner and subject to such conditions as may be prescribed.

13. Archival Advisory Board.—(1) The Central Government may, by notification in the Official Gazette, constitute an Archival Advisory Board for the purposes of this Act.

(2) The Board shall consist of the following members, namely :—

| | |
|---|---|
| (a) Secretary to the Government of India in the Ministry of Central Government dealing with culture. | Chairman, ex-officio ; |
| (b) one officer not below the rank of Joint Secretary to the Government of India, each from the Cabinet Secretariat, Ministry of Home Affairs, Ministry of Defence, Ministry of External Affairs, Ministry of Finance and Ministry of Personnel, Public Grievances and Pension. | Members, ex-officio ; |
| (c) two representatives not below the rank of Joint Secretary in the Union territory Administrations to be nominated by the Central Government. | Members ; |
| (d) three persons to be nominated by the Central Government for a period not exceeding three years, one being an Archivist and two being Professors in the Post-graduate Department of History in any recognised University. | Members ; |
| (e) Director General. | Members Secretary, ex-officio ; |

(3) The members nominated under clause (d) of sub-section (2) shall be paid such allowances as may be prescribed.

14. Functions of the Board.—The Board shall perform the following functions, namely :—

(a) advise the Central Government and Union territory Administrations on matters concerning the administration, management, conservation and use of public records;

(b) lay down guidelines for training of Archivists;

(c) give directions for acquisition of records from private custody;

(d) deal with such other matters as may be prescribed.

15. Power of the Director General to lay down norms and standards for courses in archival science.—The Director General shall have the power to lay down norms and standards for courses curricula, assessment and examinations relating to the training in archival science and other ancillary subjects.

16. Protection of action taken in good faith.—No suit, prosecution or other legal proceedings shall lie against any person in respect of anything which is in good faith done or intended to be done in pursuance of this Act or the rules made thereunder.

17. Power to make rules.—(1) The Central Government may, by notification in the Official Gazette, make rules to carry out the provisions of this Act.

(2) In particular and without prejudice to the generality of the foregoing power, such rules may provide for all or any of the following matters, namely :—

(a) the period after which public records of permanent nature may be accepted under clause (b) of sub-section (2) of section 3;

(b) the manner in which and the conditions subject to which public records can be destroyed under clause (d) of sub-section (1) of section 6;

(c) the manner in which periodical review of classified public records for downgrading shall be undertaken under clause (f) of sub-section (1) of section 6;

(d) the manner in which the records officer will report to the Director General or the head of the Archives under clause (k) of sub-section (1) of section 6;

(e) the manner in which and the conditions subject to which public records may be destroyed or disposed of under sub-section (1) of section 8;

(f) the manner in which and the conditions subject to which records of historical or national importance may be made available to research scholar under sub-section (2) of section 11;

(g) exceptions and restrictions subject to which public records may be made available to a research scholar under sub-section (1) of section 12;

(h) the manner in which and the conditions subject to which any records creating agency may grant to any person access to public records in its custody under sub-section (2) of section 12;

(i) the allowances payable to members of the Board under sub-section (3) of section 13;

(j) the matters with respect to which the Board may perform its functions under clause (d) of section 14;

(k) any other matter which is required to be, or may be, prescribed.

18. Laying of rules before Parliament.—Every rule made under this Act shall be laid, as soon as may be after it is made, before each House of Parliament, while it is in session, for a total period of thirty days which may be comprised in one session or in two or more successive sessions, and if, before the expiry of the session immediately following the session or the successive sessions aforesaid, both Houses agree in making any modification in the rule or both Houses agree that the rule should not be made the rule shall thereafter have effect only in such modified form or be of no effect, as the case may be; so, however, that any such modification or annulment shall be without prejudice to the validity of anything previously done under that rule.

K. L. MOHANPURIA, Secy.
to the Govt. of India.

संख्या फा. 9(25)/97-अभि. —निम्नलिखित को सर्व-साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :—

लोक अभिलेख नियम 1997
(संस्कृति विभाग)

नई दिल्ली, 9 जनवरी, 1997

सा.का.नि. 43 :—केन्द्रीय सरकार लोक अभिलेख अधिनियम 1993 (1993 का 69) की धारा 17 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम लोक अभिलेख नियम 1997 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

(2) परिभाषाएं :— इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "अधिनियम" से लोक अभिलेख अभिनियम 1993 (1993 का 69) अभिप्रेत है ;

(ख) "अंकन" से यथास्थिति भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागार के सहयोजन से लोक अभिलेखों का मूल्यांकन अभिप्रेत है ;

(ग.) "वर्गीकृत अभिलेख" से गृह मंत्रालय द्वारा समय-समय पर परिचालित विभागीय सुरक्षा अनुदेश निर्देशिका में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार अति गोपनीय गुप्त गोपनीय और निर्बाधित होने के रूप में वर्गीकृत लोक अभिलेखों से संबंधित फाइलें अभिप्रेत है !

(घ) "अभिरक्षा" से लोक अभिलेख का कब्जा अभिप्रेत है ;

(ङ) "निष्क्रिय निकाय" से ऐसा निगम या निगमेतर निकाय अभिप्रेत है जिसे इसके कृत्यों का निर्वहन करने वाले उत्तराधिकारी के अभाव में बंद कर दिया गया है ;

(च) "वर्गीकृत अभिलेखों का अवश्रेणीकरण" से उनके मूल्यांकन के पश्चात् सुरक्षा वर्गीकरणों का अवश्रेणीकरण करना अभिप्रेत है !

(छ) "फाइल" से किसी विनिर्दिष्ट विषय वस्तु संबंधी लोक अभिलेखों से संबंधित कागजों का संग्रह अभिप्रेत है जिसके अन्तर्गत उनके पत्र-व्यवहार टिप्पण और परिशिष्ट है तथा उन्हें फाइल संख्यांक दिया गया है ;

(ज) "प्ररूप" से इन नियमों से संगलग्न प्रारूप अभिप्रेत है;

(झ) "प्राइवेट अभिलेख" से ऐसे अभिलेख अभिप्रेत है जो प्राइवेट व्यक्ति के कब्जे में है या किसी गैर-सरकारी संगठन के पास है ;

(ञ) "अभिलेखन" से किसी फाइल के सभी मुद्दों पर विचार करके कार्रवाई पूरी होने के पश्चात् उसे बंद करने की प्रक्रिया अभिप्रेत है ;

(ट) "स्थायी स्वरूप के अभिलेख" से ऐसे लोक अभिलेख अभिप्रेत है जिन्हें अभिलेख सृजक अभिकरण द्वारा इस विषय पर अपनी कार्यालय प्रक्रिया या अनुदेश निर्देशिका में अभिकथित प्रक्रिया के अनुसार नियम 5 के उपनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के लिए अभिलेखन के पश्चात् रखा जाता है ;

(ठ) "अभिलेखों को प्रतिधारण अनुसूची" से ऐसी अनुसूची अभिप्रेत है जिसमें प्रतिधारण की अवधि उपबंधित है ;

(ड) "पुनर्विलोकन" से अभिलिखित फाइलों का प्रतिधारण अवधि की समाप्ति पर यथास्थिति उनके और प्रतिधारण या उन्हें नष्ट करने के संबंध में अवधारण के लिए कालिक मूल्यांकन अभिप्रेत है ;

(ढ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है ;

(ण) "स्थायी गार्ड फाइल" से किसी विशिष्ट विषय वस्तु से संबंधित कागजों का संकलन अभिप्रेत है जिसके अन्तर्गत नीतिगत विनिश्चयों आदेशों अनुदेशों या उस अनुषांगिक किसी अन्य विषय की कालानुक्रम में रखी गई प्रतियां है ;

(त) उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है किन्तु अधिनियम में परिभाषित है, वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में है।

3. अभिलेख अधिकारी का नाम निर्देशन:––अभिलेख सृजक अभिकरण अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसरण में कार्यालय आदेश जारी करके अपने अधिकारियों में से किसी एक को जो अनुभाग अधिकारी की पंक्ति या श्रेणी से नीचे का नहीं हो अभिलेख अधिकारी के रूप में नामनिर्दिशित करेगा। ऐसे कार्यालय आदेश की एक प्रति यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को भेजी जाएगी ।

4. स्थायी गार्ड फाइल का अनुसरण :––अभिलेख अधिकारी स्थायी गार्ड फाइल के और यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान द्वारा धारा 6 की उपधारा (2) के उपबंधों के अनुसरण में जारी किए गए निदेशों के उचित अभिलेख के अनुरक्षण और रखरखाव के लिए उत्तरदायी होगा और यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान द्वारा जब भी अपेक्षा की जाए उसके निरीक्षण के लिए उसे प्रस्तुत करेगा।

5. स्थायी स्वरूप के लोक अभिलेखों का प्रतिग्रहण :––

(1) यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान स्थायी स्वरूप के ऐसे लोक अभिलेखों को जमा करने और परिरक्षण के लिए प्रतिग्रह करेगा जिन्हें अभिलेख सृजक अभिकरण द्वारा पिछले पच्चीस वर्ष या उससे अधिक तक अपने अभिलेख कक्ष में अभिलेखन के पश्चात रखा गया है।

(2) अभिलेख अधिकारी यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी से पहले प्ररूप 1 में स्थायी स्वरूप के ऐसे सभी लोक अभिलेखों की विशिष्टयां सूचित करेगा जिनका उस वर्ष के दौरान अंकन किया जाना है ।

(3) उपनियम (2) के अधीन सूचना की प्राप्ति पर यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान, अपने अधिकारियों के माध्यम से लोक अभिलेखों का अंकन करने में अभिलेख अधिकारी की सहायता करेगा। अंकन पूरा हो जाने पर अभिलेख अधिकारी, सभी लोक अभिलेखों की एक अन्तरण सूची, प्रारूप-2, में, तीन प्रतियों में तैयार करेगा तथा उसे यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखगार प्रधान के पास परिरक्षण के लिए जमा करेगा जो अन्तरण सूची की एक प्रति, अपना समाधान हो जाने के पश्चात् अभिलेख अधिकारी को पावती के रूप में वापस करेगा ।

(4) यदि अंकन के पश्चात् अभिलेख अधिकारी स्थायी स्वरूप के किसी अभिलेख या फाइल को पच्चीस वर्षों की अवधि के आगे भी प्रतिधारित करने के लिए आवश्यक समझता है तो वह उन कारणों से जो लेखबद्ध किये जायेंगे, यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को सूचित करके ऐसा कर सकेगा ।

6. लोक अभिलेखों की निकासी :––(1) यदि यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान के पास जमा किये गये और परिरक्षित लोक अभिलेख, अभिलेख सृजक अभिकरण द्वारा किसी शासकीय प्रयोजन के लिए अपेक्षित है तो अभिलेख अधिकारी, यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को, प्रारूप 3 में सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित और मुहर लगी हुई मांग पर्ची भेजेगा ।

(2) उप नियम (1) के अधीन मांगे गये लोक अभिलेख को प्रयोजन द्वारा पूरा हो जाने के पश्चात यथा शीघ्र लौटा दिया जायेगा किन्तु उन्हें अभिलेख अधिकारी या अभिलेख सृजक अभिकरण द्वारा छह माह की अवधि से अधिक प्रतिधारित नहीं किया जायेगा ।

7. वर्गीकृत अभिलेखों का अवश्रेणीकरण––(1) अभिलेख सृजक अभिकरण कार्यालय आदेश द्वारा एक ऐसे अधिकारी को, जो भारत सरकार के अवर सचिव से नीचे की पंक्ति का न हो, उसके द्वारा रखे गये वर्गीकरण अभिलेखों का मूल्यांकन और अवश्रेणीकरण करने के लिए प्राधिकृत करेगा। ऐसे कार्यालय आदेश की एक प्रति यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को अग्रेषित की जायेगी ।

(2) उपनियम (1) के अधीन इस प्रकार प्राधिकृत अधिकारी अवश्रेणीकरण के प्रयोजन के लिए प्रत्येक पांचवे वर्ष वर्गीकृत अभिलेखों का मूल्याकन करेगा।

(3) यदि अधिकारी अवश्रेणीकरण के पश्चात् किसी अभिलेख को स्थायी स्वरूप का घोषित करता है तो यह इसके अंकन के पश्चात् यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान के पास जमा और परिरक्षित किया जायेगा।

(4) इस नियम के अधीन जमा किये गये अभिलेख किसी शासकीय प्रयोजन के लिए मंगाया जा सकता है और नियम 6 में उपबंधित रीति से यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को लौटाया जा सकता है।

(5) उपनियम (1) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रत्येक वर्ष के जून और दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में, प्रारूप-4 में, वर्गीकृत अभिलेखों के मूल्यांकन और अवश्रेणीकरण की बाबत की गई कार्रवाई का एक अर्धवार्षिक विवरण यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को भेजेगा।

8. वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना—(1) नियम 3 के अधीन नामनिर्दिशित अभिलेख अधिकारी आगामी वर्ष के मार्च मास में, प्रत्येक वर्ष, वार्षिक रिपोर्ट प्रारूप-5 में, यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को भेजेगा।

